## हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 11 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

### मुख्य समाचार :-

1. सर्वोच्च न्यायालय ने गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों में तुरंत प्राथमिकी न दर्ज करने वाले राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों को तलब किया।

2. सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की - मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने की दिशा में सशस्त्र बलों के साथ निरंतर तालमेल पर बल दिया।

3. आज हरियाणा में विभिन्न जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष ने सभी से सदैव राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने और भाईचारे को मजबूत बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।

4. हरियाणा सरकार ने परिवहन विभाग के आयुक्त अतुल कुमार को उनके वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त महेंद्रगढ़ जिले का प्रभारी नियुक्त किया।

5. आज देश भर में सावन माह की शिवरात्रि मनाई जा रही है। श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया।

*********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों में तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश आयु या लिंग का विचार किए बिना सभी पर लागू होता है। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने इसका अनुपालन न करने वाले राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों को अदालत के समक्ष पेश होकर यह बताने का निर्देश दिया है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए।

मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। न्यायालय ने इससे पहले पुलिस को सभी गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों में बिना किसी प्रारंभिक जांच के तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

*****************************************************************

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके आवास पर  मुलाकात की। बैठक में सिविल-मिलिट्री तालमेल को मजबूत करने और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह सहित सेना मुख्यालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार एवं अन्य अवसर सृजित करने की दिशा में राज्य सरकार तथा सशस्त्र बलों के बीच निरंतर तालमेल पर बल दिया।

बैठक में आंतरिक सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण, अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसर, पूर्व सैनिकों के कल्याण, आवास परियोजनाओं, आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल तथा परिचालन तैयारियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान तैयारियों एवं प्रभावी प्रतिक्रिया तथा इनके प्रभाव को न्यूनतम करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान भारतीय सेना में सेवारत हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा खेलों के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी सराहना की गई।

*****************************************************************

आज जींद में सिद्धपीठ जयंती देवी मंदिर से रानी तालाब तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हो कर लोगों ने राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना का संदेश दिया।

इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि देश भर में निकाली जा रही तिरंगा यात्राएं जन-जन में राष्ट्रभक्ति की

भावना को जागृत करने का प्रभावी माध्यम बनी है।उन्होंने सभी से सदैव राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र का सम्मान करने तथा देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

श्री कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर भारत के विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद किया जाएगा।

**********************************************************************

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज पलवल के राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।
महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली तैयार की गई। इस के अलावा पोस्टर मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय तिरंगा, राष्ट्रभक्ति, स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता दिवस तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर एवं पेंटिंग तैयार की। अपनी कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।

**********************************************************************

कालका के राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी यूनिट द्वारा आज "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत पूरे उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। तिरंगा मार्च का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. गुरप्रीत कौर एवं केयर टेकर ऑफिसर कुशल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। मार्च में एनसीसी कैडेट्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया और हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र गौरव का संदेश दिया।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव  अतुल कुमार को उनके वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त महेंद्रगढ़ जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

संशोधित प्रतिक्रिया व्यवस्था के तहत  अतुल कुमार हर तिमाही निगरानी एवं समन्वय प्रकोष्ठ को फीडबैक देंगे। वे 25 करोड़ रुपये या इससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं, जिले में अपराध की स्थिति एवं जघन्य अपराधों, सतर्कता संबंधी मामलों, सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सेवाएं प्रदान करने की व्यवस्था की प्रभावशीलता तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। इसके अलावा, वे जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारियों के समक्ष  वस्तु एवं सेवा कर  तथा इससे जुड़े अन्य मामलों में आ रही कठिनाइयों की भी समीक्षा करेंगे।

**********************************************************************

आज देश भर में सावन माह की शिवरात्रि  मनाई जा रही है। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिल रहा है।

कुरुक्षेत्र के श्री दुख भंजन महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं लंबी कतारें देखने को मिल रही है। आज बच्चे, बुजुर्ग और युवा—हर कोई हाथ में जल का लोटा, बेलपत्र और पूजन सामग्री लिए महादेव के दर्शन और जलाभिषेक करता नजर आया। मंदिर के पुजारी पंडित सुशील कुमार शास्त्री ने बताया –

**********************************************************************

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी में भी विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया । भिवानी के प्राचीन जोगीवाला शिव मंदिर में सुबह 4 बजे ही 4 पहर की पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक शुरू हो गया। श्रद्धालु सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में जलाभिषेक के लिए खड़े दिखे। गंगोत्री, गोमुख और हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने पूजा-अर्चना कर विभिन्न मंदिरों में कांवड़ चढ़ाई। सभी मंदिरों में कहा कि कांवड़ियों के लिए प्रसाद, चिकित्सा सेवा और रहने की व्यवस्था की गई है।

*****************************************************************

अंबाला छावनी के प्राचीन हाथीखाना मंदिर सहित अंबाला के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हजारों की संख्या में हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों व अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर जल अर्पित किया। सावन शिवरात्रि को लेकर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है।

*****************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 12 अगस्त को इसराना विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा मडलौडा अनाज मंडी से शुरू होकर बस अड्डे होती हुई असंध रोड से भालसी गांव जा कर संपन्न होगी।

श्री पंवार ने कहा कि वे स्वयं इस यात्रा में शामिल होकर क्षेत्रवासियों के साथ राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति समर्पण का संदेश देंगे।उन्होंने क्षेत्रवासियों से तिरंगा यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है।

*****************************************************************

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग डी.पी.आई.आई.टी. ने भारत के जीआई टैग प्राप्त उत्पादन के व्यावसायीकरण और वैश्विक बाजारों तक उनकी पहुंच को गति देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य जीआई उत्पादों की गुणवत्ता मानकीकरण, व्यापक बाजार पहुंच और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देना और एक जिला एक उत्पाद तंत्र को मजबूत करना है।

*****************************************************************